कार्यकारिणी समिति,नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक 17.08.2013 को संपन्न, बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

क्र0	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	श्री सुशील कुमार चौधरी, भा०प्र०से०,(सेवा निवृत)	मुख्य सचिव (सेवा निवृत), झारखण्ड, राँची (पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय)	सभापति	उपस्थित
2	श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
3	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	महामहिम राज्यपाल,झारखण्ड के प्रधान सचिव, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
4	श्री हरदेव नरायण सिंह	संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य वित्त विभाग के प्रतिनिधि वित्त सचिव द्वारा मनोनीत	उपस्थित
5	श्री एहतेशमुल हक	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड राँची	सदस्य	उपस्थित
6	श्री राम नरेश सिंह	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य सचिव	उपस्थित
7	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184 / सी0 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	उपस्थित
8	डा0 रजी अहमद	रीभर साइड, नावाटोली मेदनीनगर, पलामू	सदस्य	उपस्थित

कार्यकारिणी समिति की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. बैठक में कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए।
2. कार्यकारिणी समिति की, दिनांक 18.05.2013 को सम्पन्न, बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।
3. कार्यकारिणी समिति की गत बैठकों की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन स्वीकृत किया गया।
4. (i) समिति द्वारा पारित 'नियुक्ति, सेवाशर्त तथा अनुशासन नियमावली 2011' के Chapter II के नियम 19,में मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 640 दिनांक 22.08.90 के अनुरूप संशोधन करने का निर्णय लिया गया।
   (ii) समिति की नियमावली के Chapter II के Annexure I के बिन्दु 6 के अनुसार पुस्तकालयाध्यक्ष तथा सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष का एक ही वेतनमान PB –II, 9300-34800 Grade Pay 4200 है। पुस्तकालयाध्यक्ष का संशोधित वेतमान PB –II, 9300-34800 Grade Pay 4800 स्वीकृत करने हेतु समिति के सामान्य निकाय से अनुशंसा की गई।
5. समिति द्वारा विज्ञापित विज्ञापन सं० Net-appointment-Regular 01/2012 के आलोक में नियुक्त किये गये शिक्षकों में कुछ शिक्षकों द्वारा योगदान नहीं किया गया तथा कुछ शिक्षकों द्वारा योगदानोपरान्त त्याग पत्र दे दिया गया। फलस्वरूप वर्तमान में कार्यरत नव नियुक्त शिक्षकों की संशोधित वरीयता सूची का अनुमोदन किया गया।
6. समिति के विज्ञापन सं० Net-appointment-Regular 01/2012 के आलोक में अंग्रेजी शिक्षक के दो पद पर नव नियुक्त शिक्षकों द्वारा योगदानोपरान्त त्याग–पत्र देने के फलस्वरूप उनके बाद के मेधा क्रम (Merit List) के दो उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया। परन्तु उनमें से एक उम्मीदवार के द्वारा योगदान के उपरान्त त्याग–पत्र दे दिया गया तथा दूसरे के द्वारा योगदान नहीं किया गया। इस प्रकार अंग्रेजी में 6 पद के विरूद्ध 3 पद पर ही शिक्षक कार्यरत हैं जिससे छात्रों के पठन–पाठन में बहुत ही कठिनाई है। इसी प्रकार रसायन शास्त्र में भी नव नियुक्त शिक्षक द्वारा योगदान नही किये जाने के फलस्वरूप एक पद रिक्त है।

विचारोपरान्त प्राचार्य को निदेश दिया गया कि विद्यालय में शिक्षक के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाय।

7. विद्यालय में दर्शनशास्त्र (Philosophy) शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए समिति द्वारा विज्ञापन जारी किया गया एवं अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी लिया गया। विद्यालय में माध्यमिक स्तर तक दर्शन की पढ़ाई नहीं होती है। उच्चतर माध्यमिक (10+2) में भी छात्र अपने पाठ्य–क्रम में दर्शनशास्त्र का चयन नहीं करते हैं। विमर्शोपरान्त समिति द्वारा दर्शनशास्त्र में शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्ति नहीं करने का निर्णय लिया गया। दर्शनशास्त्र के लिए शिक्षक के स्वीकृत पद को विषयान्तरित कर समाहित करने का प्रस्ताव सामान्य निकाय को प्रेषित किया जायगा।
8. विद्यालय में लेखा कार्य के लिए एक अतिरिक्त लेखा लिपिक की नियुक्ति की आवश्यकता बतायी गयी। कार्य की आवश्यकता को देखते हुए तत्काल मानदेय भुगतान पर लेखा लिपिक की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई।
9. कार्यकारिणी समिति की दिनांक 17.02.12 के सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका 13(ii) में श्री संदीप कुमार बंदोपाध्याय, प्रभारी बर्सर को तृतीय वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति के सदस्य तथा कंडिका 13(iii) में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष एवं चयन समिति के सदस्य मनोनित किया गया है। श्री बंदोपाध्याय सेवा निवृत हो चुके हैं। अतः संदीप कुमार बंदोपाध्याय, प्रभारी बर्सर (सेवा निवृत) के स्थान पर श्री सुहर्ष कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी, नेतरहाट विद्यालय नेतरहाट को तृतीय वर्गीय कर्मियों की नियुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति के सदस्य तथा चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष तथा चयन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। साथ ही तृतीय वर्गीय कर्मियों की नियुक्ति हेतु चयन समिति के सदस्य के रूप में श्री नोवल जोनस जोजोवार, सेवा निवृत संयुक्त सचिव, झारखण्ड सरकार के स्थान पर श्री कुमार रविशंकर, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय सम्प्रति अपर आरक्षी अधीक्षक, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट को मनोनीत किया गया। शेष सभी सदस्य पूर्ववत रहेंगे। तद्नुसार प्राचार्य कार्यालय आदेश निर्गत करेंगे।
10. वर्तमान आवश्यकतानुसार विद्यालय में निम्नलिखित नये पदों के सृजन हेतु समिति के सामान्य निकाय से अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया –

क्रम.	पदनाम	शैक्षणिक योग्यता	वेतमान
I.	प्रशिक्षक (कम्प्यूटर विज्ञान)	ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर की डिग्री यथा–बी.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान, बी.सी.ए. इत्यादि	PB-II 9300-34800 ग्रेड पे 4200
II.	नर्स (महिला)'ए' ग्रेड	(i) मैट्रिकुलेशन (ii) सरकारी पंजीकृत संस्थान द्वारा जेनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त (iii) राज्य नर्सिंग परिषद द्वारा ''ए'' ग्रेड नर्स एवं मिडवाइफरी में पंजीकृत	PB-II 9300-34800 ग्रेड पे 4200

11. समिति के विज्ञापन सं० Net-appointment-Regular 01/2012 के आलोक में चयन समिति द्वारा मेधासूची के क्रमानुसार बारी–बारी से तीन उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया। परन्तु किसी के द्वारा योगदान नहीं दिया गया। नेतरहाट का पठारी–ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कोई चिकित्सक द्वारा योगदान नहीं देना कारण हो सकता है।

नेतरहाट के पूर्ववर्ती छात्र डा० भालेन्दु शेखर ठाकुर द्वारा नेतरहाट विद्यालय में 50,000/प्रतिमाह मानदेय भुगतान पर चिकित्सक का कार्य करने की इच्छा व्यक्त की गई है।

आवश्यकता एवं परिस्थितियों पर विचारोपरान्त डा० भालेन्दु शेखर ठाकुर, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय को विद्यालय में चिकित्सा पदाधिकरी के पद पर रू० 50,000/(पचास हजार मात्र) प्रतिमाह के मानदेय भुगतान पर पांच वर्ष के लिए संविदा पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया जिसे प्रति वर्ष Renew किया जायगा। तद्नुसार नियुक्ति पत्र शीघ्र निर्गत करने हेतु प्राचार्य को निदेश दिया गया।

12. विद्यालय में कार्यरत शिक्षक जिन्होंने सरकारी सेवा का विकल्प दिया है, उन्हें नेतरहाट विद्यालय से अन्यत्र मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सेवा लिए जाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई।
13. वित्तीय वर्ष 2013–14 में गैर योजनान्तर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय (नेतरहाट विद्यालय समिति को सहायक अनुदान सामान्य गैर वेतन मद में रू० 3,48,38,000.00 (तीन करोड़ अड़तालीस लाख, अड़तीस हजार मात्र) का मदवार निर्धारण का अनुमोदन किया गया।
14. विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों, काउंसलर एवं प्रशासनिक पदाधिकारी को, पूर्व निर्धारित देयता (Entitlement) के आधार पर, आवश्यक फर्नीचर्स (साज सज्जा) भंडार से/आवश्यकतानुसार गोदरेज से क्रय कर, शीघ्रताशीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।
15. कार्यकारिणी समिति की दिनांक 25.04.2013 को आहूत बैठक की कार्यवाही की कंडिका 6 (ii) के आलोक में विद्यालय के वर्तमान ऑडिटोरियम को उपयोगी बनाने के क्रम में ऑडिटोरियम के विस्तार, पुनर्निर्माण एवं सुसज्जित करने हेतु मेसर्स INCREDIBLE TESSERACT design studio, बिरसा नगर, राँची–3 द्वारा रू० 39261265.00 मात्र को प्रस्ताव DPR समर्पित किया गया है। प्रस्ताव/DPR की तकनीकी स्वीकति प्राप्त करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग से अनुरोध किया गया।

    समिति द्वारा पूर्व में समर्पित (i) नये आश्रम समूह 8 के नव निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि रू० 11,56,3100.00 (ii) 4 सूट्स एवं 14 कमरों का नव निर्माण तथा स्टाफ क्वार्टर्स के जीर्णोद्धार कार्य की प्राक्कलित राशि रू० 3,52,85,164 तथा (iii) विभिन्न बंगलों एवं भवनों के जीर्णोद्धार कार्य की प्राक्कलित राशि रू० 87,65,450.00 के DPR शीघ्र की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड से अनुरोध किया गया की अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।
16. विद्यालय परिसर अन्तर्गत नये भवनों, मिनी स्टेडियम एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य की प्रगति पर समिति द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। कार्यपालक अभियन्ता, विशेष कार्य प्रमण्डल, लातेहार को निदेश दिया गया कि कार्य की प्रगति में तीव्रता लाने हेतु कारगर कार्रवाई की जाय। यह भी निदेशित किया गया कि विद्यालय के मुख्य भवन/कार्यालय की वर्तमान रूप रेखा के अनुरूप ही उसके समीप नये भवनों की रूप रेखा रखी जाय।

    उपरोक्त संबंध में अतिरिक्त निधि की माँग मानव संसाधन विकास विभाग से की गई है। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग झारखण्ड से राशि Release कराने का अनुरोध किया गया।
17. नेतरहाट विद्यालय दिवस (15 नवम्बर 2013) के पूर्व विद्यालय के मुख्य भवन के सफेदीकरण एवं सुरक्षात्मक घेराबन्दी निर्माण हेतु भवन निर्माण विभाग को पत्र/प्रस्ताव प्रेषित करने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।
18. विद्यालय के छात्रावासों में जलापूर्ति की स्थिति ठीक नहीं है। विशेषकर आश्रम समूह 6 में जलापूर्ति की स्थिति अत्यन्त दयनीय है जिसे सुधारने के लिए कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार को निदेशित किया गया। तत्काल सफल ट्यूबवेल द्वारा पाइप से जलापूर्ति एवं आवश्यकतानुसार सिन्टेक्स टैंक के अधिष्ठापन कर वैकल्पिक व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित करने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।

19. प्राचार्य को निदेश दिया गया कि अतिथि गृह को पन्द्रह दिनों के अन्तर्गत पूर्णतः उपयोगी बनाकर समिति को सूचित किया जाय। अतिथि गृह का पाकशाला, भंडार, पैन्ट्री का अलग ब्लॉक एवं चहारदीवारी का प्राक्कलन तैयार कराया जाय।
20. विद्यालय में भंडारों का अद्यतन भौतिक सत्यापन शीघ्र कराने का निदेश प्राचार्य का दिया गया।
21. विद्यालय चिकित्सालय को उपयोगी बनाने हेतु प्रस्ताव प्रेषण के लिए एक उप समिति का गठन किया गया जो निम्नवत् है–
    1. अध्यक्ष – डा० प्रभात कुमार सिन्हा, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय
    2. सदस्य – डा० रंजन कुमार चौधरी, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय
    3. सदस्य – डा० अमर वमा, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय
    4. सदस्य – डा० राजेश कुमार, पूर्ववर्ती छात्र नेतरहाट विद्यालय
22. आश्रम समूहों के पाकशाला, आश्रमों के स्नानागार एवं परिवर्तन कक्ष में चूहे और तिलचट्टे से बचाव के लिए Pest Control करने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई। प्राचार्य अग्रतर कार्रवाई करेंगे।
23. विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं बागवानी कार्यक्रम को श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, सदस्य, कार्यकारिणी समिति के निदेशन में प्रस्ताव तैयार कर चरणों में (Phasewise) लागू करने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।
24. विद्यालय में मलेरिया बचाव हेतु Fogging Machine एवं कृषि कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरणों को विद्यालय बजट के अन्तर्गत क्रय करने की स्वीकृति दी गई।
25. प्राचार्य को, आकस्मिक आवश्यकतानुसार, खुले बाजार से रूपये पचीस हजार मात्र तक व्यय करने हेतु प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

सभापति द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की समाप्ति की गई।

ह०/–

(सुशील कुमार चौधरी)
सभापति,
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।